**दिनांक–15.03.2024 को उपाध्यक्ष, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर द्वारा विभागीय समीक्षा का कार्यवृत्त।**

**उपस्थितिः–**

1. श्री अभिषेक रूहेला, उपाध्यक्ष, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।
2. श्री पंकज कुमार उपाध्याय, सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।
3. श्री कौस्तु मिश्र, उपजिलाधिकारी किच्छा, ऊधमसिंह नगर।
4. श्री रमेश चन्द जोशी, अधिशासी अभियन्ता, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।
5. श्री हेमन्त सिंह रावत, अवर अभियन्ता, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।
6. श्री विनीत कुमार, अवर अभियन्ता, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।
7. श्री धमेन्द्र सिंह डोलिया, अवर अभियन्ता, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।
8. श्री जतिन गुप्ता, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।
9. श्री हेम चन्द्र, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।
10. श्री महेन्द्र सिंह, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।
11. श्री प्रमोद कुमार, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।
12. श्री राजेश कुमार, कम्पयूटर आपरेटर, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।

1. **मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के कियान्वयन की प्रगति की समीक्षा।**

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी की 13 घोषणाओं के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा किये गये/जा रहे निर्माण/विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर से सम्बंधित मा0 मुख्यमंत्री जी की कुल 13 घोषणाओं मे से 06 घोषणाओं को पूर्ण किया जा चुका है, 02 घोषणाओं को भूमि की अनुपलब्धता के कारण विलोपित किया गया, 04 घोषणाओं में से 03 का कार्य जिसमें किच्छा व खटीमा बस अड्डे का निर्माण कार्य तथा काशीपुर में मल्टीलेपल पार्किंग का निर्माण कार्य गतिमान है। गदरपुर पार्किंग का कार्य स्थानीय विरोध के कारण पूर्ण नहीं किया जा सका है तथा वर्तमान में स्थगित है। 01 घोषणा यातायात नगर को शासन को ए0डी0बी0 फण्डिंग हेतु प्रेषित किया गया है उपाध्यक्ष महोदय द्वारा गदरपुर पार्किंग के सम्बंध में नगर पालिका गदरपुर, राजस्व विभाग एवं व्यापार मण्डल अध्यक्ष के साथ एक बैठक आहूत कर उत्पन्न हो रही व्यवहारिक कठिनाईयों के निस्तारण के प्रयास सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये, यदि कोई ठोस निराकरण नहीं हो पाता है, तो ऐसी स्थिति में उक्त प्रस्ताव को वर्तमान स्तर पर समाप्त किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही/प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

2. **काशीपुर एवं रूद्रपुर में मल्टीलेवल कार पार्किंग की अद्यतन स्थिति।**

**कार्यवाही**–काशीपुर कार पार्किंग स्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक, काशीपुर कार्यालय भवन स्थित है, जिसे कार्यहित में निर्माण कार्य अवधि तक के लिये स्थानान्तरित किया जाना है। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कतिपय कठिनाई आदि अवगत करायी गयी हैं। ऐसी स्थिति में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक–16.03.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, काशीपुर कार्यालय में एक बैठक आहूत किये जाने तथा सभी पक्षों को तद्नुसार सूचित किये जाने के निर्देश दिये गये।

रूद्रपुर में गांधी पार्क में पार्किंग के सम्बंध में यह अवगत कराया गया कि एक मात्र पार्क पर पार्किंग बनाये जाने पर स्थानीय विरोध हो रहा है, जिसपर पूर्व में यह निर्णय लिया गया था कि पहले सिंचाई विभाग की भूमि पर पार्क की स्थापना की जाये तदोपरान्त ही उक्त प्रस्ताव पर विचार किया जाये। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा व्यापार मण्डल आदि के साथ चर्चा किये जाने हेतु बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश के साथ–साथ कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण

विभाग, रूद्रपुर एवं अनुबन्धित आर्किटेक्ट को योजना के प्रस्तुतीकरण एवं विचार–विमर्श हेतु अगले सप्ताह कार्यालय में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किये जाने के निर्देश दिये गये।

3. **जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर द्वारा किये जा रहे अन्य विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति।**

उपाध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के अतिरिक्त वर्तमान में ग्राम महेशपुरा, तहसील काशीपुर व ग्राम रम्पुरा तहसील रूद्रपुर में 02 पिंक टॉयलेट का निर्माण गतिमान है। उक्त के अतिरिक्त सितारगंज में पार्क व पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव भी शासन को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति तथा धनांवटन हेतु प्रेषित किया गया है।

4. **प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास निर्माण/आवंटन की अद्यतन स्थिति।**

ग्राम बागवाला, तहसील रूद्रपुर अन्तर्गत वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 1872 ई0डब्लू0एस0 भवनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। अवर अभियन्ता श्री विनीत द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक 22 ब्लाकों की फाउण्डेशन का कार्य लगभग पूर्ण किया जा चुका है तथा लगभग 272 भवनों का स्ट्रक्चर का कार्य किया जा चुका है।

यह भी अवगत कराया गया कि उक्त योजना अन्तर्गत वर्तमान तक 932 भवनों का आवंटन लॉटरी द्वारा किया जा चुका है तथा रजिस्ट्रेशन आदि की प्रक्रिया गतिमान है। 932 के अतिरिक्त लगभग 200 भवनों का पंजीकरण कार्यवाही की जा चुकी है, जिसमें आय प्रमाण पत्र आदि आने शेष हैं। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा पंजीकरण की कार्यवाही में गति लाये जाने के साथ–साथ सभी आवश्यक अभिलेख पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये ताकि तृतीय आवंटन प्रक्रिया भी ससमय पूर्ण की जा सके। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि भारत सरकार व राज्य सरकार का अंश/अनुदान प्राप्त किये जाने हेतु समस्त भवनों आदि की समय–समय पर Geotagging आदि कार्यवाही भी पूर्ण की जाये तथा योजना का निर्माण मानकों के अनुरूप किये जाने समय–समय पर आवश्यक सामग्री जॉच आदि की कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश निर्गत किये गये।

5. **Ease App के द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की अद्यतन स्थिति (Online Building Approval Management System, Unauthorized Construction Management System, Public Grievance Redressal System, RTI, Human Resource Management System, File Movement System, etc.**

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा Ease App का अवलोकन किया गया। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्राधिकरण द्वारा की जा रही कार्यवाहियॅा/निस्तारण पर संतोष व्यक्त करते हुए यह भी निर्देशित किया गया कि मानचित्रों एवं शमन आदि के निस्तारण में और गति लायी जाये तथा वादों को भी अधिक से अधिक ऑनलाईन प्रक्रिया में लाया जाये।

6. **सी0एम0 हैल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा।**

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सी0एम0 हैल्पलाईन के डैशबोर्ड का अवलोकन किया गया व संतोष व्यक्त किया गया।

7. **जनपद में प्राधिकरण की सीमा अन्तर्गत हो रहे अवैध निर्माणों के विरूद्ध कार्यवाही।**

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा अवैध निर्माणों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही का अवलोकन किया गया तथा निर्देशित किया गया कि वादो के निस्तारण में गति लायी जाये व जो कार्यवाहियॅा प्राधिकरण द्वारा की जाती हैं या की गयी हैं, उन सभी को वैबसाईट में भी अपलोड किया

जाये। साथ ही अनाधिकृत **कालोनियों आदि** में बोर्ड भी लगाये जायें ताकि आमजन ऐसे कालोनियों में भूखण्ड का कय-**विकय करने से** सतर्क हो सकें।

अवैध निर्माणों के सम्बंध में **सचिव** महोदय द्वारा वाद कार्यवाहियों का समयबद्ध निस्तारण एवं कार्यवाही प्रारम्भिक अवस्था में ही किये जाने पर बल दिया एवं यह अवगत कराया गया कि प्रारम्भिक अवस्था में ही अनाधिकृत निर्माणों को समय रहते यदि ध्वस्त किया जाता है, तो ऐसी आमजन का सहयोग मिलेगा व अनाधिकृत निर्माणकर्ताओं को हतोत्साहित किया जा सकेगा।

**8. प्राधिकरण स्तर पर आगामी 05 वर्ष हेतु प्रस्तावित कार्य योजना।**

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत आगामी 05 वर्ष को दृष्टिगत विभिन्न योजनाओं को तैयार किये जाने के निर्देश भी दिये गये ताकि कमिक रूप से धन की उपलब्धता अनुरूप उक्त प्रस्तावों पर भविष्य में कार्यवाहियॉ की सकें। यह भी निर्देश दिये गये कि विभिन्न विभागों यथा-नगर निगम, यातायात पुलिस, लोक निर्माण विभाग, व्यापार मण्डल के साथ विभिन्न स्तरों पर चर्चा कर शहर हित में यथावश्यक प्रस्ताव एकत्रित कर उनपर गुणदोष के आधार पर विचार करते हुए प्रस्ताव भी तैयार किये जायें।

**9. अन्य**

उपाध्यक्ष महोदय एवं सचिव द्वारा रूद्रपुर एवं काशीपुर महायोजना 2041 (प्रारूप) में प्रस्तावित परिवर्तन के कारण, औचित्य व प्रभाव की समीक्षा किये जाने हेतु नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग व सम्बंधित फर्म को प्रस्तुतीकरण एवं विचार-विमर्श हेतु अगले सप्ताह कार्यालय में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किये जाने के निर्देश दिये गये।

**(पंकज कुमार उपाध्याय)**
**सचिव,**
**जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण,**
**ऊधमसिंह नगर**

**प्रतिलिपि :-**

1. उपाध्यक्ष महोदय, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. संयुक्त सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय काशीपुर, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर को सूचनार्थ प्रेषित।
4. अधिशासी अभियन्ता, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. समस्त अवर अभियन्ता, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर को अनुपालनार्थ।
6. समस्त प्राधिकरण, स्टाफ को अनुपालनार्थ।
7. गार्ड फाईल।

**सचिव,**
**जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण,**
**ऊधमसिंह नगर**